# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 08/12/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Hindustan , Meerut (UP)**



उमंग पार्क का उद्घाटन करते डीआइजी आलोक अवस्थी (दाएं से दूसरे) • सौ. आरएएफ

## बच्चों को सेहतमंद बनाने के लिए पार्क और आउट डोर जिम की सौगात

मेरठ : शहर के 108 बटालियन द्रुत कार्य बल (आरएएफ) के कैंप परिसर में डीआइजी ने पहुंचकर गुरुवार को बच्चों के लिए विकसित पार्क और आउट डोर जिम का उद्घाटन किया। इस दौरान डीआइजी आलोक अवस्थी ने कहा कि आजकल मोबाइल फोन में अपना ध्यान लगा रहे हैं। स्कूल से लौटकर बच्चे खेलने-कूदने के बजाय फोन पर अपना समय व्यतीत करते हैं, जिससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास बाधित हो रहा है। ऐसे में बच्चों के लिए तैयार हुए इस पार्क से यहां के परिवारों को कई फायदे होंगे। पार्क में झूले के साथ ही वाकिंग ट्रैक व अन्य सुविधाओं पर भी काम किया गया है ताकि बच्चों के साथ अन्य लोग भी इसका लाभ उठा सकें। इस दौरान 108 बटालियन के कमांडेंट शैलेंद्र कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी केएम बुनकर, उप कमांडेंट शिल्पा कुमार व रामेश्वर यादव समेत वाहिनी के अन्य अधिकारी व जवानों के बच्चे व परिवार मौजूद रहे। -जासं

**Dainik Jagran,Delhi**

# रैपिड एक्शन फोर्स ने चलाया सफाई अभियान



बवाना इलाके में शनिवार को आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लेते रैपिड एक्शन फोर्स के जवान ● फोटो सौजन्य रैपिड एक्शन फोर्स

**जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली:** स्वच्छ भारत मिशन के तहत 194 वाहिनी रैपिड एक्शन फोर्स (आरएफ) के द्वारा चलाए जा रहे एक दिसम्बर से 15 दिसंबर तक सफाई अभियान में शनिवार को जेजे कालोनी, बवाना और घोघा गांव में सफाई की गई। यह अभियान कमांडेंट सतेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। इस अवसर पर

वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी केवल कृष्ण सिंह स्वच्छता मिशन पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों और कर्मियों को कहा कि हमारा ध्येय देश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन में भी सहयोग करना है, जिससे हम एक स्वस्थ भारत का निर्माण कर सके।

उल्लेखनीय है कि 194 वाहिनी रैपिड एक्शन फोर्स एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक स्वच्छता मिशन के तहत सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जेजे कॉलोनी, बवाना, घोगा गांव में फोर्स की टीम ने सफाई किया, इसके साथ ही वहां की जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर पर फोर्स के डिप्टी कमांडेंट प्रदीप कुमार, डिप्टी कमांडेंट फूल सिंह, सहायक कमांडेंट भजनलाल, सहायक कमांडेंट दीपक कुमार, इंस्पेक्टर पिंटू सिंह, इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश, समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

Hindustan , Meerut (UP)

# छह दिसंबर : मेरठ ने दिया अमन-शांति का पैगाम

## बाजारों में रही रौनक

मेरठ | मुख्य संवाददाता

छह दिसंबर को मेरठ जिले में पूरी तरह से शांति रही। शहर के लोगों ने अमन का पैगाम दिया। कहीं कोई घटना नहीं हुई। एडीजी और आईजी से लेकर तमाम पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी सड़कों पर रहे। फोर्स चौकन्नी रही और शहर में हर ओर माहौल सामान्य दिखा। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए फोर्स लगाया गया था और पुलिस लाइन में भी बैकअप टीम को रखा गया था।

जोन में छह दिसंबर को लेकर पहले से अलर्ट घोषित किया गया था। एडीजी प्रशांत कुमार ने हर जिले के एसएसपी/एसपी को अपनी ओर से भी निर्देश जारी किए थे कि चौकसी बरती जाए। धार्मिक स्थलों और डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा गया था। सुबह छह बजे से शहर के संवेदनशील जगहों जैसे हापुड़ अड्डा, इंदिरा चौक, बेगमपुल, घंटाघर, लिसाड़ी गेट, ब्रह्मपुरी, अब्दुल्लापुर समेत मवाना, सरधना और किठौर में पुलिस मुस्तैद हो गई थी। पूरे जिले में अलग-अलग जगहों पर पुलिस के साथ पीएसी और आरएएफ को भी लगाया गया था। करीब सात बजे से ही एसपी सिटी अखिलेश नारायण अपनी अलग टीम के साथ पूरे शहर में घूमने निकले। इस दौरान पूरे शहर में शांति बनी रही। स्कूलों की छुट्टी होने के चलते सुबह के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। ज्यादा चहल-पहल नहीं दिखी।

करीब 11 बजे एडीजी प्रशांत कुमार और आईजी आलोक सिंह पूरी टीम बेगमपुल पहुंचे। यहीं से अधिकारियों ने वायरलेस सेट पर कुछ जगहों पर तैनात टीम की लोकेशन भी चेक की। इसके बाद आईजी हापुड़ के लिए निकल गए, जबकि एडीजी और एसएसपी अजय साहनी शहर में भ्रमण के लिए निकले।



छह दिसंबर को शहर में जगह-जगह पुलिस फोर्स और आरएएफ तैनात रही। • हिन्दुस्तान



### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद, निकाला फ्लैग मार्च

मोदीपुरम। पल्लवपुरम-मोदीपुरम में 6 दिसंबर को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान लोगों से शांति की अपील की। पल्लवपुरम थाना प्रभारी दिग्विजय नाथ शाही के नेतृत्व में शुक्रवार को फोर्स ने फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस ने सोफीपुर, पल्लवपुरम फेज वन व दो और तीन, शिवनगर, पुरानी एलआईसी के पास फ्लैग मार्च निकाला और लोगों से शांति की अपील की। टीम ने धार्मिक स्थलों पर भी चेकिंग की। इस दौरान मोदीपुरम चौकी इंचार्ज विकास चौहान आदि मौजूद रहे।

### बाजारों में रौनक

दोपहर करीब 12 बजे के बाद बाजारों में रौनक बढ़ गई। लोग घरों से निकलने शुरू हो गए। इस दौरान पूरा शहर सामान्य रहा और कहीं कोई घटना नहीं हुई। एसपी सिटी ने बताया कि शाम पांच बजे तक कंट्रोल रूम पर भी क्राइम या किसी अन्य घटना की कोई सूचना शहर या देहात से नहीं रही। ऐसे में जिले में पूरी तरह से शांति रही।

### जोन-सेक्टर व्यवस्था कामयाब

पुलिस अधिकारियों ने चौकसी बढ़ाते हुए दो दिन पहले ही शहर में जोन-सेक्टर व्यवस्था लागू कर दी थी। शहर में एक कंपनी आरएएफ और दो प्लाटून पीएसी लगाई गई थी। ऐसे में शहर को पांच जोन, 15 सेक्टर और 62 सब-सेक्टर में बांट दिया गया था। सभी सेक्टर में मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गई थी। पुलिस अधिकारियों ने पहले ही हर वर्ग के प्रतिष्ठित लोगों से संपर्क कर शांति बनाए रखने की अपील की थी।

### फोन पर रिश्तेदार लेते रहे मेरठ का हाल

मेरठ। छह दिसंबर को डीएम के आदेश पर जिलेभर के स्कूलों को एहतियातन बंद कर दिया गया था। सुबह से ही पुलिस फोर्स तैनात रही। ऐसे में मेरठ में रहने वाले परिवारों के पास उनके रिश्तेदारों के फोन घनघनाते रहे। मेरठ पूरी तरह से शांत रहा। जैन नगर निवासी सनी शर्मा के पास उनके परिचित ने देहरादून से फोन किया। बताया कि उन्हें दिल्ली रोड पर जाना है। मेरठ में सब सामान्य तो है। पुलिस गैर राज्यों के नंबर की गाड़ी को अंदर शहर में एंट्री दे रही है या नहीं। सनी ने बताया कि सब सामान्य है और वो आ सकते है। लिसाड़ी गेट निवासी राशिद के पास उनके रिश्तेदारों ने दिल्ली से फोन किया। मेरठ के बारे में जानकारी ली। ऐसे ही दिन निकलने के साथ कई लोगों ने मेरठ के बारे में परिचित और रिश्तेदारों को कॉल कर जानकारी ली।

**Hindustan , Meerut (UP)**

# छह दिसंबर : चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा, निकला फ्लैग मार्च

## अलर्ट

मेरठ | मुख्य संवाददाता

छह दिसंबर को लेकर अलर्ट घोषित है। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे जिले में मंदिर-मस्जिदों और अंबेडकर मूर्तियों की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया है। जिले में जिन जगह पर पूर्व में मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने की वारदात हो चुकी हैं, वहां स्थानीय ग्राम प्रधान से संपर्क कर सुरक्षा पुख्ता करा दी गई है। शहर को पीएसी और आरएएफ के हवाले कर दिया गया है। सभी थानेदारों को लगातार गश्त करने का निर्देश दिया गया है। देर शाम अफसरों ने आरएएफ के साथ फ्लैगमार्च निकाला।

पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने छह दिसंबर को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। सभी को निर्देश दिया कि पूरे जिले में मिश्रित आबादी क्षेत्र में मौजूद धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था की जाए। सरधना, मवाना, किठौर के अलावा शहर में भी 40 से ज्यादा ऐसी जगहों को चिह्नित किया गया है, जहां विशेष तौर पर पुलिस को निगरानी का निर्देश दिया गया है। देहात में सभी थाना प्रभारियों और सीओ को कहा गया कि सभी ग्राम प्रधान और चौकीदारों से संपर्क कर पूरी व्यवस्था बनाएं, साथ ही गांवों में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमाओं पर रात को चौकीदारों की ड्यूटी लगाने और पुलिस टीम की गश्त की व्यवस्था करने के लिए भी कहा गया है। दूसरी ओर जिले में एक कंपनी आरएएफ और दो प्लाटून पीएसी आ गई है। शाम के समय हापुड़ अड्डे पर गश्त की गई। इसके अलावा भी 200 से ज्यादा अतिरिक्त आरक्षियों की ड्यूटी लगा दी गई है।

दूसरी ओर कैंट क्षेत्र, दोनों बस अड्डों और रेलवे स्टेशन के आसपास पुलिस टीम ने चेकिंग की। एंटी सबोटाज टीम और डॉग स्क्वायड के साथ पुलिस टीम ने अभियान चलाया। संदिग्धों की तलाशी ली गई। हालांकि कोई संदिग्ध नहीं मिला। एसएसपी अजय साहनी ने बताया कि फोर्स अलर्ट पर है और पूरी चौकसी की जा रही है।



छह दिसंबर मद्देनजर फोर्स ने हापुड़ अड्डे पर फ्लैग मार्च किया। • हिन्दुस्तान

### अफवाहों पर ध्यान न दें

मेरठ। जमीयत उलमा शहर के पदाधिकारियों ने अपील की है कि शहर में अमन-चैन बनाए रखें। अफवाहों पर ध्यान न दें। कोई शहर में फिजा बिगाड़ने का प्रयास करे तो उसे विफल करें और पुलिस को सूचना दें। जमीयत उलमा शहर के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें अध्यक्ष जैनुर राशिद्दीन सिद्दीकी, हाजी मोहम्मद हनीफ कुरैशी, हाजी इमरान सिद्दीकी, नदीम सिद्दीकी, हाजी इरशाद कुरैशी, अय्यूब अंसारी, फारूख अंसारी, मौलाना शाहनवाज, मौलाना अलीमुद्दीन, सैय्यद अजहर अली, शोएब मलिक, हारून राईन, डब्बू गाजी मौजूद रहे। सभी ने शांति की अपील की है।

# आज स्कूल-कॉलेज बंद विवि की परीक्षाएं स्थगित

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

शांति और सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने आज यानी शुक्रवार को मेरठ की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं को बंद करने के आदेश दिए हैं। समस्त बोर्ड के इंटर तक के सभी स्कूल और कॉलेजों के साथ-साथ आईटीआई, पॉलीटेक्निक, मदरसा शिक्षा बोर्ड, निजी एवं सरकारी विश्वविद्यालय पूरी तरह बंद रहेंगे। चौ. चरण सिंह विवि ने भी आज की समस्त परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। हालांकि यूजीसी-नेट की जारी ऑनलाइन परीक्षा पर इसका कोई असर नहीं होगा। इसके अलावा कोई भी शैक्षिक संस्था खुलने पर जिला प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा।


जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) द्वारा जारी आदेशों के अनुसार बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत सभी विद्यालय, सीबीएसई एवं आईसीएसई से संबद्धता प्राप्त सभी स्कूल, सभी विवि और इनसे संबद्ध सभी कॉलेज, मदरसा शिक्षा बोर्ड, संस्कृत शिक्षा बोर्ड के सभी विद्यालय, पॉलीटेक्निक संस्थान और आईटीआई में आज पूरी तरह से छुट्टी रहेगी। डीआईओएस के अनुसार यदि कोई संस्था खुली पाई गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। वहीं, देर रात कुलपति प्रो. एनके तनेजा ने भी प्रशासन के आदेशों के बाद चौ. चरणसिंह विवि की आज होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं।

### जिला प्रशासन के आदेश

- आईटीआई, पॉलीटेक्निक और डिग्री कॉलेज में रहेगी छुट्टी
- यूजीसी नेट पर असर नहीं होगी परीक्षाएं

आज मेरठ-सहारनपुर मंडल के सभी जिलों में प्रोफेशनल कोर्स के विषम सेमेस्टर के पेपर थे। दूसरी ओर, मेरठ में आज यूजीसी नेट की परीक्षाएं यथावत रहेंगी। यूजीसी नेट में आज पहली पाली में अंग्रेजी सहित तीन विषयों के पेपर हैं, जबकि दूसरी पाली में कॉमर्स का पेपर है। देर रात तक यूजीसी की ओर से पेपर को लेकर कोई निर्देश नहीं थे। ऐसे में आज नेट का पेपर यथावत होगा। नेट का आज आखिरी पेपर भी है।

**The Hindu, Delhi**



Rapid Action Force personnel deployed at Charminar in Hyderabad on the 27th anniversary of Babri Masjid demolition. The 16th-century mosque in Uttar Pradesh was demolished on December 6, 1992. • K.V.S. GIRI

# Namaste Telangana (TS)



బందోబస్తును పర్యవేక్షిస్తున్న నగర సీపీ అంజనీకుమార్

## పాతనగరంలో
# పటిష్ట బందోబస్తు

**పోలీసుల ముందస్తు జాగ్రత్తలు.. ప్రశాంతంగా ప్రార్థనలు**

చార్మినార్ : బ్లాక్ డే (డిసెంబర్ 6) సందర్భంగా ఎలాంటి అవాంఛనీయ ఘటనలు చోటు చేసుకోకుండా నగర పోలీసులు పాతనగరంలో పటిష్ట బందోబస్తు ఏర్పాటు చేశారు. బ్లాక్ డే రోజున పెద్ద ఎత్తున ప్రార్థనల్లో పాల్గొనాలని పాతనగరం రాజకీయ నేతలు పిలుపునిచ్చిన నేపథ్యంలో పోలీసులు పలు జాగ్రత్తలు తీసుకున్నారు. దీంతో శుక్రవారం మక్కా మసీదులో ప్రార్థనలు ప్రశాంతంగా జరిగాయి. బందోబస్తులో పారామిలటరీ బలగాలతోపాటు నగర ప్రత్యేక దళం, తూర్పు, దక్షిణ మండలాల టాస్క్‌ఫోర్స్ పోలీసులు నిరంతరం పటిష్ట నిఘాతో బందోబస్తులో పాల్గొన్నారు. పాతనగర వ్యాప్తంగా పరిస్థితిని ఎప్పటికప్పుడు నగర పోలీస్ కమిషనర్ అంజనీకుమార్ తెలుసుకుంటూ తగిన సూచనలు చేశారు.




**99 BN RAF DEPLOYMENT FOR FRIDAY PRAYER & OBSERVANCE OF BLACK DAY AT Hyderabad (TS)**

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF











**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**